अतिमहत्वपूर्ण/समयबद्ध/ईमेल द्वारा

प्रेषक,

सचिव,
प्राविधिक शिक्षा परिषद,
उत्तर प्रदेश लखनऊ।

सेवा में,

प्रधानाचार्य/निदेशक,
परिषद से सम्बद्ध समस्त,
राजकीय/अनुदानित/निजी क्षेत्र की फार्मेसी संस्थायें।

पत्रांकः प्राशिप/अनु06/परी0फा0/2025/ 8709 लखनऊः दिनांकः– 24/3/2026

विषयः सम सेमेस्टर/वार्षिक/बैक पेपर/विशेष बैक पेपर परीक्षा, मई–2026 हेतु केवल फार्मेसी पाठ्यक्रम (प्रथम वर्ष एवं अन्तिम वर्ष) के पात्र छात्र/छात्राओं के परीक्षाफार्म भराये जाने विषयक।

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक परिषद कार्यालय के पत्र संख्या प्राशिप/अनु06/परी0फा0/2025/8618, दिनांक 19/03/2026 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। जिसके माध्यम से सम सेमेस्टर/वार्षिक/बैक पेपर/विशेष बैक पेपर परीक्षा मई–2026 परीक्षा के दृष्टिगत डिप्लोमा इन फार्मेसी पाठ्यक्रम में अध्ययनरत प्रथम वर्ष एवं द्वितीय वर्ष के छात्र/छात्राओं के परीक्षा फार्म दिनांक 20/03/2026 से 30/03/2026 तक स्टूडेण्ट लॉगिन के माध्यम से भराये जाने के संबंध में दिशा–निर्देश दिये गये हैं।

अवगत कराना है कि निर्देश दिये जाने के पश्चात भी डिप्लोमा इन फार्मेसी पाठ्यक्रम के (प्रथम वर्ष एवं अन्तिम वर्ष) के पात्र छात्र/छात्राओं द्वारा बहुत ही कम संख्या में परीक्षा फार्म भरे गये हैं, एवं जिन छात्र/छात्राओं द्वारा परीक्षा फार्म भरते हुए परीक्षा शुल्क शुल्क का भुगतान किया गया है ऐसे छात्र/छात्राओं के परीक्षा फार्म संस्था द्वारा परिषद को अग्रसारित नहीं किये जा रहे हैं। यह अन्यथा की स्थिति है।

परिषद द्वारा दिनांक 30/03/2026 की मध्य रात्रि के पश्चात पोर्टल बंद कर दिया जायेगा। उक्त तिथि के पश्चात डिप्लोमा इन फार्मेसी पाठ्यक्रम के (प्रथम वर्ष एवं अन्तिम वर्ष) के पात्र छात्र/छात्राओं के परीक्षा फार्म भराये जाने हेतु पोर्टल नहीं खोला जायेगा। यदि उक्त तिथि के पश्चात कोई पात्र छात्र/छात्रा परीक्षा फार्म भरने से वंचित रहता है तो उसका समस्त उत्तरदायित्व संबंधित संस्था के निदेशक/प्रधानाचार्य का होगा।

अतः निर्देशित किया जाता है कि अपनी संस्था के समस्त छात्र/छात्राओं का परीक्षा फार्म एवं परीक्षा शुल्क का भुगतान किये जाने संबंधी समस्त कार्यवाही समयान्तर्गत पूर्ण कराना सुनिश्चित करें, एवं साथ ही नोटिस बोर्ड पर सूचना चस्पा कराते हुए संस्था वाहट्सअप ग्रुप के माध्यम से भी छात्र/छात्राओं को अवगत कराना सुनिश्चित करें।

भवदीय

(डॉ0 संतोष कुमार सिंह)
सचिव।

पृ0सं0 प्राशिप/अनु06/परी0फा0/2025/8710-14 तद्दिनांकः– 24/3/2026

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. निजी सचिव, अपर मुख्य सचिव, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0 शासन, लखनऊ को अपर मुख्य सचिव उ0प्र0 शासन, लखनऊ/अध्यक्ष प्राविधिक शिक्षा परिषद,उ0प्र0 लखनऊ, को महोदय के अवगतार्थ।
2. महानिदेशक, प्राविधिक शिक्षा उत्तर प्रदेश लखनऊ।
3. निदेशक ,प्राविधिक शिक्षा निदेशालय, उ0प्र0, कानपुर।
4. संयुक्त निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, पूर्वी क्षेत्र/बुन्देलखण्ड क्षेत्र/मध्य क्षेत्र/पश्चिमी क्षेत्र मेरठ, उ0प्र0।
5. प्रभारी, कम्प्यूटर अनुभाग, प्राविधिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0 लखनऊ को इस निर्देश के साथ कि उक्त के संबंध में आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

(डॉ0 संतोष कुमार सिंह)
सचिव।

Scanned with OKEN Scanner